तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

12 नप के उपाध्यक्ष बने भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद



12 शिक्षकों ने ऑनलाइन डायरी का किया विरोध



## खबर संक्षेप

### महिला को नशा देकर बनाई अश्लील वीडियो

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 32 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुरज नामक युवक के साथ जान पहचान थी। एक दिसंबर 2024 को आरोपी उसे छछरौली में मिला। आरोपी ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। जिसे पीते ही वह बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी ने उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### गवर्नमेंट कॉलेज को अब संस्कृति मॉडल का दर्जा

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज को सरकार ने संस्कृति मॉडल कॉलेज का दर्जा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस साल के बजट सत्र में घोषणा की थी कि प्रदेश के हर जिले से एक सरकारी कॉलेज को संस्कृति मॉडल कॉलेज का दर्जा दिया जाएगा। इसके तहत विशेष बजट व छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं व रिसर्च का प्रावधान होगा। कॉलेज को मिले इस विशेष दर्जे पर प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह व उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास में आरोपी काबू

**पानीपत।** कॉलोनी में बारह वर्ष की बुखार से पीड़ित बच्ची के साथ घर में घुसकर रेप का प्रयास किया गया। अज्ञात आरोपी ने अपने और नाबालिग के कपड़े भी उतार दिए। इसके बाद वह बच्ची के निजी अंगों से छेड़छाड़ करने लगा। यह सब देखकर छह साल की बहन ने पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। आरोपी का नाम कृष्ण बताया जा रहा है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली के यमुना पुल पर नाकाबंदी कर बाइक सवार रोहित पुत्र नाथी राम निवासी उंचा गांव जिला शामली, उत्तर प्रदेश को नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया। अरोपी के कब्जे से 18 बुप्रेनॉफिन लिजेसिक नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कुछ दिन पहले वह शामली के झिंझाना में एक युवक से 25 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन 300 रूपए प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीदकर लाया था।

### मादक पदार्थ के साथ दंपति को किया काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव रामडा बंधा के सामने सनौली रोड पर नाकाबंदी कर बाइक सवार दंपती राशिद पुत्र इकबाल व इसकी पत्नी नौशिदा मूल निवासी कपूरी सहारनपुर हाल किरायेदार कैराना, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को 18.97 ग्राम हेरोइन के साथ पकडा है। आरोपी ने पुलिस को बताया वह यूपी में अलग अलग स्थान पर दो युवकों से करीब 15 दिन पहले 30 ग्राम हेरोइन कम कीमत पर खरीदकर घर लाया था। जिसमें से कुछ हेरोइन उसने व पत्नी नौशिदा ने राह चलते नशा करने वालों को बेच दी। आरोपी दंपती बची हेरोइन को लेकर बाइक पर पानीपत में बेचने के लिए आ रहा था।

### नगदी व जेवर लेकर युवती लापता हुई

**समालखा।** समालखा कस्बे में एक लड़की को उसके प्रेमी ने बालिग होने के चार दिन बाद ही अगवा कर लिया। लड़की अपने घर से एक लाख रुपए नकद, जेवरात, दस्तावेज और कपड़े भी ले गई। इधर, लडकी के पिता ने थाना समालखा पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गौरव कुमार झा निवासी भापरा अपराध करने की नीयत से उनकी लडकी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया।

प्राइवेट पब्लिशर्स की बुक लगवाकर कर रहे मोटी कमाई


# प्राइवेट स्कूल में नौनिहालों को दी जा रही भ्रामक जानकारी, प्रशासन अनजान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

भले ही भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है लेकिन हैरानी की बात है कि कई प्राइवेट स्कूलों में अभी भी बच्चों को पुरानी और गलत जानकारी पढ़ाई जा रही हैं। अगर कोई भी इस सवाल का जवाब गूगल या अन्य किसी सर्च इंजन पर तलाश करेगा तो पता चल जाएगा कि देश जनसंख्या के मामले में दुनिया भर में पहले नंबर पर आ चुका है लेकिन कई निजी स्कूल प्राइवेट पब्लिशर्स की बुक लगवाकर मोटी कमाई करने की दौड़ में इतने अंधे हो चुके हैं कि बच्चों को गलत जानकारी दी जा रही है। उनसे उन्हें कोई सरोकार नहीं है। मामला गांव उगाला में स्थित लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल का है। जानकारी के अनुसार स्कूल की ओर से इस बार कक्षा चौथी के विद्यार्थियों के लिए नई पुस्तकें लगवाई गई हैं।

### किताबों में अब भी चीन आबादी में चल रहा पहले स्थान पर

इन पुस्तकों में एसएस विषय की पुस्तक माई वंडरफुल बुक ऑफ एसएस में यह गलत व भ्रामक जानकारी प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक में दिए गए पहले चैप्टर के पेज नंबर 10 पर ये बताया गया है कि जनसंख्या के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है। जबकि चीन पहले स्थान पर है। जबकि यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में अपनी पहचान बना ली है। जबकि इस सवाल की सही जानकारी को कोई भी इंटरनेट पर खोज सकता है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी क्रिएटिव किड्स द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में पुरानी और भ्रामक जानकारी प्रकाशित की गई है। आपको बता दें कि गलत और भ्रामक जानकारी देने वाली इस पुस्तक का मूल्य 560 रुपए है तो वहीं स्कूल की ओर से कक्षा चौथी के लिए पूरी किताबों के सेट की कीमत 4560 रुपए रखी गई है। मजे की बात यह है कि इस स्कूल की सब कक्षाओं की बुक्स यहां केवल एक ही दुकान से मिलती है। अभिभावकों में इस गलत जानकारी को छापने वाले प्रकाशक व इस बुक को स्कूल में लगाए जाने पर रोष हैं । अभिभावकों ने इस प्रकाशक को ब्लैक लिस्ट करने और स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।




संबंधित किताब का कवर पेज

### जानकारी वाले मामले को चेक करवाएंगे

यह सरासर गलत है। किताब में दी गई गलत जानकारी वाले मामले को संबंधित बीईओ से चेक करवाएंगे। वैसे कोई भी प्राइवेट स्कूल एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पुस्तकें उपलब्ध न होने पर ही निजी प्रकाशकों की केवल उन पुस्तकों को स्कूलों में लगवा सकता है जोकि एनसीईआरटी/ एससीईआरटी या सीबीएसई बोर्ड की ओर से प्रस्तावित हो।

-सुधीर कालड़ा, डीईईओ, अंबाला।

### इस बारे में जानकारी नहीं

मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। मैं इसको अभी चेक करवाती हूं। एनसीआरटी की बुक्स कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए लगवाई जाती है। हम कई बार कुछ किताबें प्राइवेट पब्लिकेशन की लगवा देते है ताकि बच्चों को कुछ अलग से सीखने को मिले। अगर बच्चों को ऐसी कोई जानकारी दी गई है तो उसको दुरुस्त करवाया दिया जाएगा।

-साक्षी गगनेजा, प्रिंसिपल, लार्ड कृष्णा स्कूल।

अलग-अलग सड़क हादसों में बच्चे समेत चार की मौत

# डंपर की टक्कर लगने से दो हिस्से में बंटा तीन वर्षीय मासूम का शव


### पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- डंपर ने पहले लकड़ी से भरी ट्रैक्टर–ट्राली को टक्कर मारी, फिर बच्चे को कुचला

शहर के बाईपास पुल पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर की टक्कर लगने से तीन वर्षी बच्चे का शव दो हिस्सों में बंट गया। वहीं, अन्य स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने चोरों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की गुलाब नगर निवासी रविंद्र ने बताया कि वह बुधवार सुबह अपने तीन वर्षीय लड़के रोय के साथ अपने साले को छोड़ने के लिए शहर के बाईपास पुल पर आया था। इस दौरान वह अपने बेटे को सड़क किनारे खड़ा करके साले को ऑटो में बिठाने लगा। तभी एक तेज गति से डंपर आया। डंपर ने पहले लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मारी। इसके बाद डंपर अनियंत्रित होकर उसके बेटे को कुचलता हुआ पुल की रैलिंग तोड़कर पेड़ों में जा घुसा। हादसे में उसके लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।



यमुनानगर। हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर–ट्राली व डंपर तथा मृतक का फाइल फोटो।

### स्कूटी चालक की मौत

जगाधरी की गांधीधाम कॉलोनी निवासी अमन गर्ग ने बताया कि उसका अंकल 33 वर्षीय अमन गर्ग अपनी स्कूटी पर किसी काम से गया था। जब वह हुडा सेक्टर-17 के पास जिंदल अस्पताल के पास मोड पर पहुंचा तो पिकअप ने उसके अंकल की स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे अंकल घायल हो गया। हादसे में लगी चोटों के कारण उसके अंकल की मौत हो गई।

### बाइक सवार की मौत

गांव मंसुरपुर निवासी श्याम लाल ने बताया कि उसका लड़का 28 वर्षीय दीपक दोपहर दो बजे अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव बदनपुरी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही बस ने दीपक की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दीपक घायल हो गया। हादसे के बाद आरोप बस चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में भर्ती इलाज के दौरान लड़के की मौत हो गई।

### बेटी की मौत, मां घायल

गांव अराइयावाला निवासी मंजू रानी ने बताया कि वह अपनी 12 वर्षीय लड़की भव्या के साथ एक्टिवा पर जा रही थी। जब वह गांव सरांवा के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी एक्टिव को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसकी बेटी सड़क पर जा गिरी। इस दौरान डंपर उसे कुचलता हुआ आगे निकल गया। जिससे उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में वह घायल हो गई।

# जमानत पर आए 4 युवकों पर हमला, दो हुए जख्मी

### चौकी प्रभारी पर रिपोर्ट न लिखने का आरोप

- परिजनों ने चौकी में किया हंगामा चौकी इंचार्ज ने आरोपों को नकारा
- जांच के दौरान सबूत मिलने पर होगी कार्रवाई : चौकी प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तोपखाना बाजार में कल जमानत पर आए चार युवकों को कुछ युवकों ने रास्ते में रोककर हमला कर दिया । उनमें से एक के पैर में चाकू मार दिया। किसी तरह वह मौके से भाग निकला। मामले की शिकायत करने युवक तोपखाना पुलिस चौकी पहुंचे। घायलों का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने मामले में शिकायत लिखने से मना कर दिया। इसके बाद युवकों के परिजन भी चौकी पहुंचे और हंगामा किया।

दरअसल तोपखाना परेड में रंजिश के चलते दो गुटों में मारपीट हो गई। एक पक्ष से यश और दूसरे पक्ष से शुभम घायल हो गए। अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाने के बाद यश और उसके परिजन तोपखाना चौकी पहुंचे और वहां कोई कार्रवाई न होने पर हंगामा किया।

### यह है मामला

तोपखाना परेड स्थित वेल्डिंग की दुकान पर शुभम और यश के बीच झगड़ा हो गया। एक पक्ष से घायल यश ने बताया कि 6 अप्रैल को भी शुभम के साथ मारपीट की गई थी। उस मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज किया था। इसी मामले में एसडीएम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद घर लौटा था। वह वेल्डिंग की दुकान के पास पहुंचा ही था कि शुभम और उसके दोस्तों ने उसके साथ मारपीट की और धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। घायल शुभम ने यश पर दुकान के बाहर आकर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब घायल युवक तोपखाना चौकी पहुंचे तो वहां इंचार्ज ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया। इसके साथ ही अभद्र व्यवहार भी किया। घायल युवक और उसके परिजनों को चौकी से भगाने का भी आरोप चौकी इंचार्ज पर लगाया गया। हालांकि चौकी इंचार्ज जय सिंह ने सभी आरोपों को नकारा है। उल्टा घायल यश पक्ष के लोगों पर ही अभद्र व्यवहार व मुलाजिम के हाथ से एमएलआर व कार्ड छीनने के आरोप लगाए।

# 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल का स्वागत



**करनाल ।** हरियाणा विधानसभा 16 अप्रैल से पहली बार 13 देशों के 28 सदस्यीय शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की मेजबानी कर रही है। शिष्टमंडल बुधवार को हरियाणा विधानसभा के लिए दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय करनाल में मधुबन के पास एक निजी रेस्त्रां में जलपान के लिए रूका। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा विधानसभा में पहुंचने पर शिष्टमंडल से मुलाकात करेंगे। शिष्टमंडल में शामिल सभी प्रतिनिधि विधि निर्माण के विशेषज्ञ हैं और वे विधान प्रारूपण में 36वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लोकसभा में प्रशिक्षण के बाद हरियाणा विधानसभा के साथ जोड़ा गया है। लोकसभा ने 16 से 21 अप्रैल तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण की जिम्मेदारी हरियाणा विधानसभा सचिवालय को सौंपी है। शिष्टमंडल में 13 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 28 उच्च अधिकारी शामिल रहेंगे। इनमें कोट, डी-आइवर, इक्वेडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरस, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे शामिल हैं। शिष्टमंडल के साथ लोकसभा के 10 वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**करनाल।** करनाल में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के रिश्तेदार ने इंस्टाग्राम वीडियो देखकर आरोपी से संपर्क किया और उसकी मुलाकात आरोपी से कराई।

फिर कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख 40 हजार रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने जब पैसे मांगे तो आरोपी ने चेक दिया, जो बाउंस हो गया। अब आरोपी धमकी देकर बचने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। इंस्टाग्राम पर वीडियो देख युवक ने संपर्क किया कलंदरी गेट निवासी पीड़ित गुरबाज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी के भाई गुरप्रीत ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो देखी थी, जिसमें आरोपी साहिल शर्मा कनाडा भेजने की जानकारी दे रहा था।

# देश में संस्कृति और समरसता को बचाने के लिए युवाओं का आगे आना जरूरी : अविनाश राय

- रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष ने तीन दिवसीय महादेव सनातन शक्ति यात्रा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने कहा कि देश में संस्कृति और समरसता को बचाने के लिए युवाओं का आगे होना बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में युवा देश की संस्कृति और समरसता को समझकर अपने से बड़ों को समझाएंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ी का भी सुधार करेंगे।

रेडक्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना बुधवार को गांव मथाना में आयोजित महादेव सनातन शक्ति यात्रा के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने महायज्ञ में शामिल होकर आहुति डाली। साथ ही यात्रा को सफल बनाने और देश की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने तीन दिवसीय महादेव सनातन शक्ति यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की 60 करोड़ जनता ने उत्तर प्रदेश में आयोजित महाकुंभ के दौरान डुबकी लगाकर समरसता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में किसी से जात और धर्म नहीं पूछा गया। कुंभ में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता नहीं हुई। इससे पहले भगवान श्री राम ने शबरी के बेर खाकर इस भेदभाव को दूर करने का संदेश दिया था। इसी तरह का संदेश पिछले कुंभ मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मचारियों के पैर धोकर आदर मान-सम्मान के साथ सत्कार कर समाज के लोगों को एकजुट व एकता का संदेश दिया था।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हिंदू सनातन वाहिनी के संगठन महासचिव मनोज जोगी, विशाल गोलिया, मनोज भारद्वाज, सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार, बीडीपीओ पिपली रूबल, पंचायत सेक्रेटरी जसपाल आदि मौजूद रहे।

गेहूं 500 से 700 ग्राम प्रति कट्टा कम तौले जाने का आरोप

# भाकियू ने किया मंडियों का दौरा, तौल में हेराफेरी

- जांच के दौरान लेबर तौल कार्य बंदकर दुकानों में लौट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की ओर से गठित की गई भाकियू कार्यकर्ताओं की टीम ने अनाज मंडियों का अचानक दौरा करते हुए गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भाकियू टीम ने बुधवार को करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडिय़ों का भाकियू जिला चेयरमैन साहब सिंह बाजवा व प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान की संयुक्त अगुवाई में दौरा किया। दौरे के दौरान उक्त मंडियों में बिक्री हो चुकी गेंहू के भरे कट्टों का तौल जांचा गया। तौल जांच अभियान के चलते मंडिय़ों में हडकंप मच गया। बताया गया है कि जब कुंजपुरा मंड़ी में तौल की जांच की जा रही थी, उसी दौरान तौल करने वाली लेबर बीच में ही तौल कार्य को बंद करके अपनी अपनी दुकानों पर लौट गई। भाकियू कार्यकर्ताओं के मंडी से लौट जाने के बाद दौबारा तौल के कार्य को शुरू किया गया। करनाल अनाज मंडी की 5 दूकानों तथा कुंजपुरा मंड़ी की 2 दुकानों पर जाकर गेंहू से भरे कट्टों के तौल की जांच की गई। इस दौरान तौले गए प्रत्येक कटटे में सरकार की ओर से निर्धारित किए गए वजन से 500 से 700 ग्राम गेंहू प्रति कट्टा अधिक पाया गया। मौके पर संबंधित मार्किट कमेटी के सुपरवाईजर को बुला कर कार्यवाही करने के लिए शिकायत की गई। भाकियू टीम ने मौके पर मार्किट कमेटी के संबंधित कर्मचारियों को बुलाकर तौल रजिस्टर में तौल में की गई धांधली की शिकायत दर्ज करवाई गई है। भाकियू की टीम में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसी प्रकार से मंडिय़ों के दौरे जारी रहेगें। भाकियू की टीम ने करनाल व कुंजपुरा की अनाज मंडिय़ों का दौरा करने के उपरांत भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंप कर अनाज मडियों में पाई गई धांधली के बारे में सारी स्थिति से अवगत करवा दिया गया है।



### अपना कांटा लेकर गए

अनाज मंडियों में तौल चेक करने के लिए भाकियू टीम के सदस्य डिजिटल कांटा अपने साथ लेकर मंडियों में पहुंचे। टीम के सदस्य व भाकियू नेता सुरेंद्र सागवान का कहना है कि मंड़ी में तौल के लिए प्रयोग किए जा रहे स्केल कांटे व डिजिटल कांटे से किए गए तौल में काफी अंतर पाया गया। कल डी.सी से मिल कर भाकियू नेता सौंपेगें रिपोर्ट करनाल व कुंजपुरा अनाज मंडियों में तौल हेराफेरी के मामले को लेकर जिला उपायुक्त उत्तम सिंह से वीरवार को भाकियू का शिष्टमंडल सेक्टर-12 स्थित मिनी सचिवालय में भेंट करके इस मामले से अवगत करयाया जाएगा।

# कैशियर ने पैसे जमा करने आए व्यक्ति को कैंची मारी

- पैसे जमा न करने को लेकर हुआ था दोनों में विवाद, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले के पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर ने बैंक में आए एक शख्स पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित व्यक्ति बैंक में कैश जमा करवाने के लिए आया था। वह लाइन में खड़ा था और जब उसका नंबर आया तो कैशियर ने उसके पैसे जमा नहीं किए, जिसकी वजह से दोनों के बीच बहस हो गई।

इसी बीच कैशियर ने उस पर कैंची से हमला कर दिया। घायल अवस्था में खून से लथपथ युवक को बैंक मैनेजर ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। समय खत्म होने का बहाना बनाकर कैशियर ने मना किया। नीलोखेड़ी निवासी पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि वह 15 अप्रैल को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे पंजाब नेशनल बैंक, नीलोखेड़ी ब्रांच में पैसे जमा कराने पहुंचा था। जब उनका नंबर आया तो कैशियर अजय कुमार ने पैसे लेने से यह कहकर मना कर दिया कि 4 बजे के बाद पैसे जमा नहीं होंगे।

### कैशियर हुआ फरार

वारदात के बाद कैशियर हुआ फरार घटना के बाद आरोपी कैशियर अजय कुमार ड्यूटी छोडक़र बैंक से फरार हो गया। पवन ने बताया कि उनका और उनके परिवार का इस बैंक में खाता है, और उनका रोजाना का आना-जाना होता है। पवन कुमार ने मामले की शिकायत नीलोखेड़ी पुलिस चौकी में दी।

# सेक्टर-13 में सड़क सुदृढ़ीकरण के कार्य का विधायक और मेयर ने किया शुभारंभ

■ प्रोजेक्ट के साथ बोर्ड लगाकर लिखी गई पूरी डिटेल ■ ऐसे प्रयासों से आएगी और पारदर्शिता: विधायक

सड़कों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को सेक्टर-13 में सडक़ सुदृढ़ीकरण के कार्य का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत सेक्टर-13 की 6 अंदरूनी सड़कों (4.4 किमी लंबाई) के सुदृढ़ीकरण पर 1 करोड़ 33 लाख रुपये खर्च होंगे।

कार्य पूरा करने की समय सीमा तीन महीने निश्चित की गई है। इस वार्ड में विधायक की मौजूदगी में मेयर रेणू बाला गुप्ता ने मकान नंबर 716 से 688 तक डली बरसाती पानी की पाईप लाईन की मरम्मत कार्य का नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। दो महीने में पूरा किए जाने वाले इस कार्य पर 17.32 लाख रुपये खर्च होंगे।

इस अवसर पर विधायक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सडक़ों के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। मौके पर फ्लेक्स बोर्ड भी लगाए गये हैं जिसमें उक्त दोनों कार्यों का पूरा ब्यौरा दर्ज है।

इससे आम नागरिक को पता चल सकेगा कि कौन सी कंपनी/ठेकेदार कार्य कर रहा है, कितनी राशि खर्च होगी और किन अधिकारियों की देखरेख में कार्य कराया जा रहा है। इससे और अधिक पारदर्शिता आएगी।

गुणवत्ता में कहीं लापरवाही सामने आती है तो मेयर अथवा अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनमत की भावनाओं का सम्मान करते हुए हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे।

>> मेयर रेणु बाला गुप्ता बोलीं

### अब कोई भी व्यक्ति जान सकता है किसी भी विकास कार्य से जुड़ी सारी जानकारी

इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाएगी। राज्य सरकार की तरह नगर निगम भी नॉन-स्टॉप गति से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर निगम करनाल के अंतर्गत विकास कार्यों की शुरुआत की जा चुकी है। आज सेक्टर-13 में सडक़ों के सुदृढ़ीकरण के कार्य की शुरुआत हुई है। यहां विकास कार्य से जुड़ी पूरी जानकारी समेटे एक बोर्ड लगाया गया है। इससे अब कोई भी आम व्यक्ति किसी विकास कार्य या प्रोजेक्ट से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर सकता है। आत है, इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। इस मौके पर वार्ड दस की पार्षद आशया कुमार, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, सहायक अभियंता रमनदीप तथा कनिष्ठ अभियंता गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के लिए निगमायुक्त ने किया शहर का दौरा

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बुधवार को विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने के मकसद से शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कैलाश गांव स्थित हॉकी स्टेडियम, गांव दहा स्थित पौंड का सौंदर्यकरण, सेक्टर-13 में सडक़ सुदृढ़ीकरण तथा कर्ण कैनाल रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद रहे। निरीक्षण में सबसे पहले निगमायुक्त ने कैलाश गांव स्थित कबड्डी हाल का निरीक्षण कर किए गए कार्य की गुणवत्ता देखी। इस दौरान उन्होंने पूरे हाल का दौरा किया और जो-जो कार्य किए गए हैं, एस्टीमेट से उनका मिलान किया। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि फ्लोर की अच्छे से रगडाई करवाई जाए और पेंट की उचित फिनिशिंग सामने आए, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हाल में मैट लगाने का कार्य जल्दी से पूरा किया जाए। बता दें कि कबड्डी हाल का निर्माण मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल था। इसके निर्माण पर अनुमानित 2 करोड़ 88 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण को निर्देश दिए कि हाल में ओर क्या-क्या कार्य करवाए जाने की आवश्यकता है, जिला खेल अधिकारी से बात कर उनकी मांग ले ली जाए और उसका भी टैण्डर लगाया जाए।



■ कर्ण कैनाल व सेक्टर-13 के सडक़ सुदृढ़ीकरण, कबड्डी हाल तथा तालाब के सौंदर्यकरण कार्य का किया निरीक्षण

उन्होंने गांव दहा स्थित पौंड का निरीक्षण किया। तालाब का सौंदर्यकरण किया जाना है, जिस पर 40 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी को निर्देश दिए कि तालाब को अच्छे से आकार दिया जाए। फिलहाल तालाब की खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद चारो ओर तटबंध बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके बनने से तालाब में आने वाले गंदे पानी को साफ करने के लिए फिल्टर चैम्बर भी बनाए जाएंगे, जिससे भूजल पुनर्भरण होगा। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-13 में चल रहे सडक़ सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सडक़ पर पैदल चलकर कार्य को देखा और उसकी गुणवत्ता जांची। उन्होंने दो अलग-अलग जगहों से सडक़ को उखड़वाकर उसकी मौटाई भी चेक की, जो कि अनुमान के हिसाब से सही पाई गई।

### सैंपल की भी जांच कराएं

उन्होंने कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि जिस प्लांट से मैटिरियल आ रहा है, वहां का भी निरीक्षण किया जाए। तारकोल की परत बिछाने से पहले टैक कोट का उचित छिडक़ाव करवाया जाए। सैम्पल लेकर उनकी जांच भी करवाई जाए। उन्होंने कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी व तकनीकी सलाहकार महीपाल सिंह को निर्देश दिए कि सडक़ की पूर्ण निगरानी की जाए। गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाए, कहीं पर भी खामी नजर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य को तय समय-सीमा में पूरा किया जाए।

## खबर संक्षेप

### मिस्त्री को सरिया मार उतारा मौत के घाट


**जींद।** पुराना बस अड्डा नरवाना के निकट कृषि उपकरण फैक्टरी के बाहर सरिये से हमला कर मिस्त्री की हत्या कर दी। हमलावर मिस्त्री को फैक्टरी से बाहर बुला कर लाया था। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः यूपी हाल आबाद धर्मसिंह कालोनी निवासी सूरजभान (40) नरवाना पुराना बस अड्डे के निकट कृषि उपकरण फैक्टरी में मिस्त्री का कार्य करता था। बुधवार दोपहर बाद एक व्यक्ति फैक्टरी में आया और सूरजभान को बुला कर फैक्टरी के बाहर ले गया। दोनो की बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर व्यक्ति न वहां पड़े सरिया से सूरजभान के सिर पर वार कर दिया।

### 499 ग्राम चूरा पोस्त सहित दो तस्कर काबू

**कैथल।** एक तरफ जहां पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। एंटी नारकोटिक सैल द्वारा पुंडरी क्षेत्र से 2 नशा तस्करों को 499 ग्राम चूरा पोस्त व गाड़ी सहित काबू कर लिया गया।

# शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



**इंद्री।** विदाई समारोह मे मिस्टर पर्सनेलिटी के साथ प्रोफेसर । फोटो: हरिभूमि

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी में महाविद्यालय मे विदाई समारोह का आयोजन समिति के सदस्य डॉ कर्मवीर, डॉ अनिल ढिल्लो, डॉ अनीता, डॉ रणबीर सिंह, डॉ सविता रानी, प्रो वंदना सैनी व डॉ बाल ऋषि एवं डॉ बोहती की देखरेख में किया गया। स्नातक अंतिम वर्ष कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्रों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने रागिनी के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सभी शिक्षकों के प्रति अपना आभार एवं भाव व्यक्त किए । जिसमें उन्होंने बताया की महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही उन्नति एवं विकास संभव है। उन्होंने बताया कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में महाविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । समारोह में विभिन्न कार्यक्रम और प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया । जिसमें गीत व नाटकों का प्रस्तुतिकरण किया गया और छात्रों के अनुभवों को साझा किया गया।

विदाई समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मिस्टर पर्सनेलिटी गुलशन एवं मिस पर्सनेलिटी पायल एवं मिस्टर हैंडसम आर्यन एवं मिस ब्यूटी शीतल को चुना गया। मिस्टर फेयरवेल सचिन एवं मिस फेयरवेल प्रिया को चुना गया । इस मोके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



# संत शिरोमणि धन्ना भक्त थे, रहस्यवादी कवि: प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे

आगामी 20 अप्रैल रविवार 2025 को जींद जिले के उचाना में संत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने एवं इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि यह आयोजन संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत किया जा रहा है इसी कड़ी में भगत शिरोमणि धन्ना जी की जयंती 20 ो श्रद्धा, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने इस बैठक में आमजन से भगत शिरोमणि धन्ना जी की जयंती में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। सिख धर्म के ग्रंथों मे भी धन्ना भगत का उल्लेख है।भक्त धन्ना ने कोई पंथ तो नही चलाया लेकिन उनकी जाति से ही काफी लोग उनके अनुयायी बने जो आगे चलकर धनावंशी स्वामी कहलाये। धनावंशी स्वामी राजस्थान के नागौर, जोधपुर, बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़, गंगानगर, झुंझुनूं, सीकर जयपुर व पंजाब हरियाणा के कुछ जिलों में फैले हुए हैं। बैठक में रणबीर गोयत ,जगदेव पाढा, राजेश आर्य पाढा ,सुमित , विनय संधू गगसीना, राजेंद्र संधू ,नरेंद्र नरवाल ,रामप्रसाद ढांडा ,पुष्पेंद्र मालिक ,भूपिंदर नौतना ,राजसिंह, कर्मबीर बिहौली, कृष्ण जागलान ,कर्ण सिंह संधू गगसीना मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

ओवरलोडेड दो वाहन किए जब्त

## अवैध खनन की रोकथाम के लिए निरंतर चेकिंग अभियान जारी : खनन अधिकारी



**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई नवीन कुमार व ईएसआई बलकार द्वारा माइनिंग चेकिंग के दौरान नगला चौक, मेरठ रोड पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान दो ट्रकों को क्षमता से अधिक लोडिंग पाए जाने पर जीपीएस फोटो लेकर खनन विभाग द्वारा सीज किया गया। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# समिति कल शिक्षामंत्री से मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



■ तय समय पर ट्रांसफर नहीं हुए तो ऑनलाइन ड्रीम पॉलिसी को लगेगा धक्का : कृष्ण कुमार निर्माण

शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति आगामी 18 अप्रैल को शिक्षा मंत्री से मास डेपुटेशन के रूप में ऑनलाइन ट्रांसफर को तय समय सीमा में करवाने को लेकर मिलेगी। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमत निर्माण,राज्य महासचिव रामनिवास संगोही और राज्य प्रेस प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से केवल एक मांग कि 'ऑनलाइन ट्रांसफर करो' को लेकर संघर्षरत है। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि यदि अबकी बार ट्रांसफर किसी भी कारण से रुके,तो यह सरकार की ड्रीम पॉलिसी 'ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी' को जबरदस्त धक्का लगेगा क्योंकि एक तो यह सरकार की ड्रीम पॉलिसी है और दूसरे कई राज्यों ने इसे अपनाया है,साथ ही सरकार इसका गुणगान भी करती नहीं अघाती है।उन्होंने कहा कि सच में यह पॉलिसी काबिलेतारीफ तो है क्योंकि यह पॉलिसी पूर्णतया भ्रष्टाचार रहित है लेकिन यदि बार-बार ट्रांसफर होंगे,ट्रांसफर होंगे..कहने के बाद ट्रांसफर नहीं होते तो ड्रीम पॉलिसी को धक्का लगना निश्चित है। कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि यदि अबकी बार शिक्षा मंत्री के वायदे अनुसार 31 मई तक ट्रांसफर नहीं हुए तो फिर यकीनी तौर पर सरकार की साख भी धूमिल होगी।



**तरावड़ी।** शहर के लोगों की समस्याएं सुनते हुये विधायक भगवान दास कबीरपंथी व दुकानदारों को मालिकाना रजिस्ट्री सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

# किसान फसलों के अवशेषों को न जलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक मुंजाल ने बताया कि गेहूं की फसल की कटाई का सीजन जोरों पर है और फसल कटाई के बाद किसान अक्सर फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं ऐसा करने से न केवल हमारी भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होती बल्कि हमारा पर्यावरण भी दूषित होता है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में गेहूं की फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका समुचित प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है जिसकी वजह से हमें भंयकर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारी पैदावार पर असर पड़ता और हमारी उत्पादन लागत अधिक और आमदनी कम हो जाती है। फसल अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है।

### एसडीएम बोले-इससे वायु प्रदूषण बढ़ता

फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियां उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। एसडीएम ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम कम होने के साथ-साथ भूमि की ऊपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक कीट नष्ट हो जाते है। इसके साथ-साथ हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण दूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पडता है और सांस लेने में तकलीफ होती है। उन्होंने बताया कि बताया कि फसल अवशेष में आग लगाने से आसपास की फसलों में आगजनी का भी भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना का दोषी पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 तथा सपठित वायु एवं प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्ड का भागी होगा।

# विधायक कबीरपंथी ने लोगों की समस्याएं सुनीं

■ शहर के 15 दुकानदारों को

**तरावड़ी।** नगर पालिका कार्यालय में खुले दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें हल्का विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शहर के लोगों की समस्याएं सुनी। खुले दरबार में शहर के लोगों ने अपने-अपने वार्ड नालियों का निर्माण, सडक़, स्ट्रीट लाईट, बीपीएल कार्ड, विधवा पेंशन, बुढ़ापा पेंशन की मांग रखी। जिसका विधायक ने मौके पर ही समाधान किया। विधायक ने नपा अधिकारियों को साफ शब्दों कहा कि शहर के विकास में किसी तरह की कमी नहीं आनी चाहिए। विकास के मामले में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। नगर पालिका में आने वाले लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना चाहिए। इसके अलावा पेंशन के लिए जो लोग भटक रहे है, उन्हें भी विधायक ने आश्वासन दिया कि आप लोग निश्चिंत रहे। पेंशन को लेकर मैं जल्द ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से मिलूंगा तथा जो भी पेंशन में परेशानी आ रही है, उसका समाधान कराया जाएगा।

### महिला सुरक्षा

इस अवसर पर नपा सचिव अजीत कुमार अरोड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, राजीव नारंग, शीशपाल गुप्ता, पार्षद नरेश गाबा, ओमप्रकाश मल्होत्रा, कमल जांगड़ा, संयोगिता गुप्ता, नपा जेई व मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, डा. प्रवीन गुप्ता, देवेन्द्र कामरा, बलबीर मराठा, राकेश गर्ग, सुरेंद्र खुराना, जगजीत सिंह, जोगिन्द्र कुक्कु, रणजीत भारद्वाज के अलावा शहर के कई लोग मौजूद थे।

प्रदूषण और खान-पान में असंतुलन भारी पड़ सकता है सेहत पर

# मौसम बदलने में बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मौसम में तबदीली आने के साथ ही लोगों की लाइफ-स्टाईल भी बदल रही है। मौसम के बदलते स्वरूप की वजह से कई बीमारियां सौगात में मिल रही है। आने वाले दिनों में इन बीमारियों का खतरा और भी अधिक बढ़ जाएगा।

बढ़ता प्रदूषण वायु मण्डल में कार्बन और विषैली गैसों का जमाव तथा खान-पान में विषैलापन लोगों की सेहत को कमजोर बना देगा। जिस तरह से बाजार में रासायनिक रंगों में रंगी सब्जियां विषैले पदार्थो से पकाए जाने वाले फल लोगों की सेहत बिगाड़ रहे है। वहीं पर शरीर में टोक्सिक पदार्थ भी पहुंचा सकते है।

बाजार में रासायनिक रंगों में रंगी सब्जियां और विषैले पदार्थों से पकाए जाने वाले फल सेहत बिगाड़ रहे



अस्पतालों में पानी से होने वाली बीमारियां, टायफाइड, उलटी-दस्त और डायरिया जैसी बीमारी प्रदूषण की वजह से खांसी-जुकाम, छाती में बलगम का जमाव, गले का इंफैक्शन और वायरल फीवर, मच्छरों से होने वाली बीमारियां, मलेरिया, मस्तिष्क ज्वर जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। आमतौर पर पीलिया से ग्रस्त मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। इस मुद्दे को लेकर डा. नेत्रपाल रावल से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा बीमारियां रंगीन फल और सब्जियों के खाने से होती है। वहीं प्रदूषित पानी का उपयोग मुख्य बीमारी का कारण होता है। कई बार तो जीवन पर भी खतरा मंडराने लगता है।

### पांच दिन तक बुखार आएं तो डाक्टर को तुरंत दिखाना चाहिए

यदि किसी को पांच दिन तक बुखार आएं तो निश्चित ही डाक्टर को दिखाना चाहिए। वहीं पर उलटी दस्त के मामले में भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। शरीर में पानी की कमी की वजह से किडन्नी काम करना बंद कर देती है और इसमें व्यक्ति की मौत तक हो सकती है। वहीं पर वायुमंडल में प्रदूषण की वजह से गले का इंफैक्शन, छाती का जमाव जैसी बीमारियां सौगात में मिल रही है।

### फल और सब्जियों को एक घंटा पानी में रखें, उसके बाद ही इसका उपयोग करें

उन्होंने इसके बचाव को लेकर बताया कि बाहर जाते समय यदि आप दुपहिया वाहन पर है तो मुंह पर मास्क लगाएं। जितना धुंआ दिन में 20 सिगरेट पीने के बाद भी नहीं पहुंचता, उससे कई गुणा धुंआ शरीर में प्रदूषण की वजह से पहुंच रहा है। बीमारी से बचाव के लिए क्या करें : बीमारी से बचाव को लेकर जानकारी देते हुए डा. नेत्रपाल ने बताया कि बाहर के खाने का पूरी तरह से परहेज करें। आर.ओ का पानी या फिर उबालकर पानी पीएं। फल और सब्जियों को एक घंटा पानी में रखें। उसके बाद इसका उपयोग करे। रसीले फलों की मात्रा अधिक उपयोग में लाएं। नींबू के साथ-साथ दही, लस्सी, नारियल पानी जैसे पेय पदार्थो का प्रयोग करें।

## खबर संक्षेप

### रिटायर कर्मचारी का प्रदर्शन 22 को

**पानीपत।** रिटायर कर्मचारी संघ की मीटिंग सीटू कार्यालय में जिला प्रधान शीशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन भले राम शर्मा ने किया। जिसमें राज्य वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल भी शामिल हुए। बलवान सिंह ने बताया की सरकार रिटायर कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करना चाहती है। रिटायर कर्मचारियों में इस बात को लेकर रोष है। जिला प्रधान शीशपाल मलिक ने कहा कि वह समय-समय पर सरकार के सामने अपनी मांगे रखते हैं। वरिष्ठ उप प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा ने कहा रिटायर कर्मचारियों की मांगों को 22 अप्रैल को पूरे हरियाणा में डीसी के माध्यम से वित्त मंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। मीटिंग को ब्लॉक प्रधान ईश्वर सिंह कोंहड़, कृष्ण रावल, जय भगवान, मा. सुरेंद्र सिंह, रामपाल कुंडू, सीताराम, प्रीतम रावल, ओम प्रकाश, दिलावर सिंह व राम भज शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

### इसराना मंडी के कांटे ठप, किसान परेशान

**इसराना।** इसराना की नई अनाज मंडी में तकनीकी खराबी के कारण पिछले 20 घंटे से सभी कांटे बंद हैं। इससे किसानों और आढ़तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट कमेटी ने समस्या के समाधान के लिए पानीपत से इंजीनियर को बुलाया है। वर्तमान में किसानों को अपनी फसल का तौल कराने के लिए मंडी के बाहर स्थित निजी कांटों का सहारा लेना पड़ रहा है। एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने आढ़ती संगठन की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मार्केट कमेटी के अधिकारियों को कांटों की मरम्मत के निर्देश दिए हैं। मार्केट कमेटी के एसडीओ प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में सभी कांटों का निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीओ प्रदीप शर्मा के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रालियों की अचानक बढ़ी संख्या के कारण कांटों के सेल में खराबी आई है। इससे एक कोने पर कम वजन दर्ज हो रहा है। तकनीकी टीम इस समस्या के समाधान में जुटी है। आढ़ती संगठन ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज का तौल बाहरी कांटों से करवाकर मंडी में लाएं, जिससे उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। हैफेड द्वारा फसल की खरीद प्रक्रिया जारी है।

### बाइक की टक्कर से मिस्त्री घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव शेरा में तेज रफ्तार बुलेट ने राजमिस्त्री कृष्ण उर्फ रामगोपाल को टक्कर मार दी। घटना के समय मिस्त्री पैदल चलते हुए गांव खंडरा जा रहा था। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जबकि बुलेट चालक अपने वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़ कर फरार हो गया। इधर, थाना मतलौडा पुलिस ने बाइक चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंबल में लिपटी मिली दो माह की बच्ची

**पानीपत।** पानीपत शहर में कच्ची काबड़ी फाटक पर एक बच्ची लावारिस पड़ी मिली। वहां से गुजर रहे एक राहगीर युवक ने बच्ची को देखा। जिसने तुरंत बच्ची को गोद में उठाया। इसके बाद मौके पर राहगीर की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना कंट्रोल रूम नंबर डायल 112 पर दी गई। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद बच्ची को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया है। डॉक्टरों की विशेष टीम की निगरानी में बच्ची की जांचें की। पुलिस की जांच में पता चला कि बच्ची कंबल में लिपटी हुई थी, उसके पास दूध की बोतल भी थी। इधर, जीआरपी इंस्पेक्टर विजय पाल ने बताया कि बच्ची की हालत ठीक है। वहीं उन्हें पुराना औद्योगिक थाना से सूचना मिली थी कि बच्ची मिली है और यह क्षेत्र जीआरपी का है। जीआरपी इस मामले की जांच कर रही है।

### हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया

**पानीपत।** हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के सौजन्य से पानीपत जिला बार एसोसिएसन के सभागार में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह संयुक्त कार्यक्रम दोपहर 12 बजे प्रारम्भ होगा।

---

भड़ाना ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया

# समालखा पहुंची साइक्लोथॉन का विधायक भड़ाना ने स्वागत किया

■ प्रतिभागियों पर शहर में प्रवेश करने के दौरान पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


**समालखा।** पहुंची साइक्लोथॉन का स्वागत करते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना आदि।

हरियाणा में नशामुक्ति के लिए चलाई जा रही साइक्लोथॉन-2.0 बुधवार को समालखा पहुंची। हल्दाना बार्डर पर विधायक मनमोहन भडाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इनका स्वागत किया। वहीं, ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश लिए साइकिलों पर सवार प्रतिभागियों पर शहर में प्रवेश करने के दौरान पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया। इधर, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में लगी सरकार पवन साइक्लोथॉन-2.0 के समालखा में प्रवेश करने के दौरान विधायक मनमोहन भड़ाना ने युवा शक्ति को सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पांच अप्रैल को शुरू की गई साइक्लोथॉन सामाजिक संदेश के साथ पूरे प्रदेश को कवर करेगी। वहीं, नायब सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही युवा शक्ति को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने में भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से निकलने वाली यह साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने में अहम रहेगी। लोगों को नशा करने से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विधायक भड़ाना ने लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। यात्रा के स्वागत समारोह के दौरान आमजन को जागरूकता कार्यक्रम में नशा न करने की सलाह दी गई। वहीं, भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी साइक्लोथॉन में चल रहे सैकडों युवाओं और उनकी अगुवाई कर रहे उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा व उनकी टीम के सदस्यों का फूलों की वर्षा कर स्वागत और अभिनन्दन किया। वहीं, साइक्लोथॉन रैली का हलदाना बार्डर से पुलिस लाइन तक समालखा वासियों ने जगह-जगह स्वागत किया और इस मुहिम की प्रशंसा की। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि यह यात्रा पानीपत जिला में पहुंच चुकी है जिसका ठहराव पानीपत पुलिस लाईन में किया गया है। 17 अप्रैल को जिला सचिवालय परिसर से प्रातः 7.30 बजे इस साइक्लोथॉन रैली को प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा हरी झण्डी दिखाकर करनाल जिला के लिए रवाना करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, पानीपत एसडीएम ब्रहमप्रकाश, समालखा एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी ट्रेफिक सुरेश सैनी, समालखा डीएसपी नरेन्द्र सिंह, संत निरंकारी मिशन के वेद प्रकाश बत्रा, संजय सैनी, अरविन्द डावर, राहगिरी टीम से संदीप जिंदल आदि मौजूद रहे।

---


**पानीपत।** डेरा बाबा जोध सचियार की नई कमेटी के अध्यक्ष विधायक विनोद भयाना के साथ डेरा के सेवादार। फोटो :हरिभूमि

## डेरा बाबा जोध सचियार कमेटी के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डेरा बाबा जोध सचियार की कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसमिति से हांसी के विधायक विनोद भयाना को दोबारा से कमेटी का प्रधान सेवादार नियुक्त किया गया। जबकि मदन मोहन भयाना दिल्ली वालों को महासचिव नियुक्त किया। वहीं, विधायक भयाना ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमेटी के सभी सदस्यों ने एक बार फिर मुझे प्रधान सेवादार नियुक्त कर बाबाजी की सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले एक साल में डेरा बाबा जोध सचियार पानीपत व हरिद्वार आश्रम का नवीनीकरण करवाया जाएगा। जबकि साध संगतों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डेरे में जल्द लिफ्ट लगाई जाएगी। उन्होंने बैसाखी मेले के सफल आयोजन के लिए सभी सेवादारों व सदस्यों का भी आभार जताया। इस अवसर पर कमेटी के सरपरस्त रामनाथ भयाना, अजित भयाना, राकेश भयाना, वेद बठला, अरुण भयाना, रविंद्र भयाना, हरभजन भयाना, जसपाल भयाना, अरविंद भयाना, कमल भयाना नरेंद्र भयाना, सुनील भयाना, संदीप भयाना व समस्य कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

---

## कैंप में 105 की आंखें जांची

■ 15 व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** डा.स्तुति गर्ग आंखों की जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 105 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें 15 व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इन व्यक्तियों को मधुबन अर्पणा अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाकर जांच उपरान्त आपरेशन किये जोयेगें तथा इन व्यक्तियों के रहने, खाने, पीने, भोजन आदि का प्रबंध हस्पताल करेगा। वहीं अब डिस्पेंसरी में आज डा. प्रिंस ओर्थो मेडिसन ब्रांच अर्पणा अस्पताल मधुबन भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिसमें उन्होंने 19 मरीजों की हड़ियों की जांच कर दवाईयां दी। वहीं डिस्पेंसरी में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार शाम को 4 से 6 बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश वशिष्ठ बच्चों की फ्री जांच करते हैं। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आन्नद, रामसरूप चावला, प्रधान शिवपुरी स्वर्ग आश्रम एवं श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड के उप प्रधान सुन्दर लाल वधवा, राकेश आन्नद, सुमित वधवा, श्याम सुन्दर ग्रोवर, श्री राम सेवा दल की महिला विंग की प्रधान पायल वधवा, हिमानी खुराना, युवा विंग से अंकित आन्नद व सुभाष पुनानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

---

## विश्व में आर्थिक प्रतिस्पर्धा से राजनीतिक समीकरण प्रभावित होते हैं : लोहाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** आईबी कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विकास लोहाट। फोटो :हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कक्षा गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को समसामयिक वैश्विक मुद्दों से अवगत कराना था। इस शैक्षणिक आयोजन का विषय था वैश्विक राजनीति पर शुल्क युद्ध का प्रभाव, जो वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक विषय है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां न केवल विद्यार्थियों की ज्ञानवृद्धि करती हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सोचने, समझने और नेतृत्व करने की दिशा में भी प्रेरित करती हैं। उन्होंने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय पहल बताया। वहीं, विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक मुद्दों की समझ छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों के प्रति भी जागरूक रहने का संदेश दिया। इधर, मुख्य वक्ता विकास लोहाट ने टैरिफ युद्ध (शुल्क युद्ध) की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, अमेरिका-चीन व्यापार संघर्ष जैसे प्रमुख उदाहरणों तथा इसके वैश्विक राजनीतिक व आर्थिक प्रभावों पर विस्तृत और तथ्यात्मक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आर्थिक प्रतिस्पर्धा अब राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर रही है। उनके व्याख्यान ने छात्रों को एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया। इस आयोजन के सफल एवं प्रभावी संचालन में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक खुशबू, राहुल, मोहित पूजा का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल समन्वय, व्यवस्थापन तथा शैक्षणिक समर्पण ने इस गतिविधि को अत्यंत व्यवस्थित, अनुशासित और ज्ञानवर्धक बनाया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

### जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन 17 को

**समालखा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रधान रविंद्र कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा जिला स्तर पर अपनी मांगों तथा सरकारी दमन चक्र के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। विभाग द्वारा ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने का जो तुगलकी फरमान जारी किया है उसको वापस लिया जाए। एफएलएन से संबंधित अनावश्यक कार्यवाही करनी पड़ती है जो कि सरासर गलत है।

---

## श्री राधा माधव कल्याण ने छात्रों को पाठ्य सामग्री भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


श्री राधा माधव कल्याण समिति जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री भेंट करते हुए।

सभी साधन सम्पन्न व्यक्तियों को समाजसेवी संस्थाओं का सहयोग करना चाहिए ताकि समाज के हर गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। यह उद्गार समाजसेवी अशोक बांगा, निगम पार्षद नवल जिंदल, निगम पार्षद जयदीप अरोड़ा ने श्री राधा माधव कल्याण समिति द्वारा जट्टू राम मैहता चौंक स्थित बिरादरी बारात घर में आयोजित 15वें वार्षिक पुस्तक वितरण समारोह सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विजय छाबड़ा, सतीश मैहता, बलदेव वासन, संजय मैहता, पंकज खुरसीजा, डा.रमेश मैहता, हरीश कटारिया, महक दीवान, कुसुम शर्मा, अशोक गुम्बर, धर्मपाल चोपड़ा, लवली सेठी, विक्की खुराना, वेद प्रकाश, जवाहर लाल शर्मा, राजेश आदि मौजूद रहे।

---

## विजयी सदन को शुभकामनाएं दीं

■ प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने विजयी सदन को बधाई दी और खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** जीडी गोयंका स्कूल में फुटबॉल खिलाड़ी अपनी टीचर्स के साथ।

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में अन्तर्सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुई। चारों सदनों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ क़र हिस्सा लिया। राधाकृष्णन सदन का टेरेसा के साथ और विवेकानंद सदन का टैगोर सदन के साथ मुकाबला हुआ। जिसमें टेरेसा और टैगोर विजयी हुए। तदोपरान्त टेरेसा और टैगोर के बीच प्रतियोगिता हुई जिसमें टेरेसा चार गोल से विजयी हुआ। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन ने बच्चों को बधाई देते हुए अन्य सदनों को भी प्रोत्साहित किया। डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने विजयी सदन को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा ने विजयी सदन को बधाई दी और खेलों के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा, खेल शिक्षक व विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

---

## आत्मबल से आप साधना को संपन्न कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** श्री अवध धाम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया व विधायक राजकुमार कश्यप। फोटो :हरिभूमि

श्री अवध धाम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा सत्संग समारोह के पंचम दिवस पर प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे-राधे महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि साधना की एक अपनी स्वतंत्रता होती है और वह अनिवर्त है साधना शब्द इतना सरल है लेकिन उसको पाना उतना ही कठिन है साधना शक्ति से प्राप्त की जा सकती है और शक्ति परमात्मा की भक्ति से प्राप्त हो सकती है जवाब भक्ति में प्रबल हो जाएंगे का तंबल बढ़ेगा और आत्मबल से आप साधना को संपन्न कर सकते हैं। राधे-राधे महाराज ने व्यास मंच से कहा की गुरु अगर साधना के पथ का प्रदर्शक हो जाय तो इससे बड़ी साधना की परिपक्वता दूसरी नहीं हो सकती। साधक के जीवन में साधना की परिपूर्णता केवल साध्य की प्राप्ति में नहीं है। क्योंकि साधना के प्रति स्वतन्त्र अपना मोह है। साधना साध्य की प्राप्ति के बाद भी बड़ी पूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति के बाद भी साधु भजन ही करता है। भगवान श्रीराम शबरी को ये उपदेश दे रहे हैं।

---

### पुलिस कर्मी ने गोरक्षक को चोटी पकड़ कर घसीटा

**पानीपत।** पानीपत जिला में यमुना पुलिस के पास हरिद्वार हाईवे पर डायल 112 पुलिसकर्मी ने गोरक्षक की चोटी पकड़ कर खींची। उसके साथ मारपीट की। यहां तक कि पशु तस्करों को छोड़ने और गोरक्षकों को ही रिश्वत देने की कोशिश करने के भी पुलिस पर आरोप लगे है। मामले की वीडियो भी सामने आई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह को दी है। वहीं, एसपी सिंह ने इस मामले की जांच डीएसपी समालखा को सौंपी है। इधर, गांव सनौली निवासी करण ने बताया कि 16 अप्रैल को अवैध पशु तस्करी की गुप्त सूचना पर वह टीम के साथ सनौली थाने पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सनौली थाना पुलिस यमुना नाका पर खड़ी हो गई। इसके बाद डायल 112 को सूचित किया। पानीपत की ओर से एक बोलेरो गाड़ी आई। जिसको पुलिस की मदद से रूकवाया। उसमें छह पशु थे। जिनमें चारे-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। पशुओं को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। पुलिस द्वारा पशुओं की पावती मांगने पर कोई कागज पत्र पेश न कर पाए। जिसको नाके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने सनौली थाने की तरफ गई। करन का आरोप है कि कुछ देर बाद डायल 112 वापस आती है और उसे रिश्वत देने का प्रयास करती है। उसने रिश्वत लेने से मना कर दिया। कुछ देर बाद एक बड़ा ट्रक पानीपत की ओर से आया।

---

### माजरा में होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा गांव ब्राहमण माजरा में 18 अप्रैल को जाकर रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

---

**न्यायालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सीमा धर्मपत्नी श्री सुरिन्द्र कुमार निवासी मकान नम्बर 1028, वार्ड नम्बर 1, गणेश नगर, पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सीमा धर्मपत्नी श्री सुरिन्द्र कुमार निवासी मकान नम्बर 1028, वार्ड नम्बर 1, गणेश नगर, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यह श्री सुरिन्द्र कुमार सुपुत्र श्री सरदारी लाल की मृत्यु दिनांक 28/02/2024 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति लाजवन्ती धर्मपत्नी श्री सरदारी लाल की मृत्यु दिनांक 24/11/2020 को हो चुकी है। यह कि श्री सुरिन्द्र कुमार सुपुत्र श्री सरदारी लाल की मृत्यु के बाद 2 वारिस हैं। 1. सीमा धर्मपत्नी 2. नविका सुपुत्री श्री सुरिन्द्र कुमार सुपुत्र श्री सरदारी लाल है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। पटवारी हल्का तथा नगर पार्षद द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

यह कि श्री सुरिन्द्र कुमार सुपुत्र श्री सरदारी लाल की मृत्यु के बाद अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-**
**संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

---

**कार्यशाला** | एसडी कॉलेज में विश्व कला दिवस पर 'कला और जीवन' विषय पर प्रदर्शनी व कार्यशाला संपंन

# सुंदर लिखावट व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र का आईना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


**पानीपत।** एसडी कॉलेज में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कैलीग्राफ़ी एक्सपर्ट सुमित। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में 'कला और जीवन' विषय पर दो दिवसीय कला प्रदर्शनी और कार्यशाला का शानदार समापनहुआ जिसमें बतौर कैलीग्राफ़ी प्रशिक्षक जालंधर, पंजाब से आये एक्सपर्ट सुमित ने उपस्थित विद्यार्थियों को इस कला को चुनने के फायदे और इसके स्वर्णिम भविष्य के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का उदघाटन नरेश गोयल सेक्रेटरी एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत और राजीव गर्ग, उप-प्रधान, एसडी पीजी कॉलेज ने किया। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ. मोनिका खुराना और प्रो निधि ने पेंटिंग भेंट करके किया। कैलीग्राफ़ी प्रशिक्षण में विभिन्न संकायों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके साथ-साथ कला प्रदर्शनी में सैंकड़ों रंगीन और सुन्दर पेंटिंग्स, विज्ञापन, स्केच आदि ने सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन डॉ. मोनिका खुराना ने किया। इधर, छात्र मोहित द्वारा बनाई गई आयल एवं पानी के रंगों से बनी पेंटिंग्स और पोर्ट्रेटस ने सभी को अचम्भे में डाल दिया। अयोध्या के रामलला, प्रेमानंद जी महाराज, ग्रामीण महिला, वादियों की दुनिया, कृष्ण का मक्खन खाते हुए मां यशोदा की पेंटिंग्स ने बाहर से आये कलाकारों को अचरच में रखा और उन्हें सोचने पर मजबूर किया कि कॉलेज में भी इतने कमाल के कलाकार मौजूद है। एक पेंटिंग में मां यशोदा कृष्ण को मक्खन चोरी करते हुए पकड़ लेती हैं और उन्हें डांटती है लेकिन उनकी मासूमियत पर हंस भी पड़ती हैं। जबकि सुमित कैलीग्राफ़ी एक्सपर्ट ने कहा कि सुंदर लिखावट व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र का आईना है। कैलीग्राफ़ी का अर्थ सुलेख अर्थात सुन्दर लेखनी होता है। यह लेखन या पत्राचार का एक कलात्मक और स्टाइलिश रूप है। कैलीग्राफ़ी में अक्षरों को आकर्षक और अभिव्यंजक बनाने के लिए कई तरह के उपकरणों और तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रीक भाषा में कैलीग्राफ़ी के मायने 'खूबसूरत लिखावट' से है और यह कला हजारों सालों और संस्कृतियों से चली आ रही है। इसके कई स्टाइल हैं जिनमें शामिल हैं पश्चिमी, पूर्वी एशियाई, दक्षिण एशियाई और इस्लामिक। सभी प्रकार की कैलीग्राफ़ी में एक ही तरह के तरीकों से खूबसूरत अक्षर लिखे जाते हैं। अगर हमें भी सजावटी लेखन की इस कला को सीखना है तो हमें बस कुछ नियमों का पालन करना होगा।

## खबर संक्षेप

### 97748.3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले मे 15 मंडियों व खरीद केंद्रों पर सरकारी व अन्य एजेंसियों द्वारा अब तक 97748.3 मीट्रिक टन गेहूं को खरीदा गया है। इन मंडियों में अब तक 17594 किसान गेहूं लेकर पहुंच चुके हैं। इसके अलावा इन मंडियों में एजेंसियों द्वारा गत दिवस तक 28.8 प्रतिशत के साथ 18014 मीट्रिक टन गेहूं के उठान कार्य को पूरा कर लिया है। तोमर ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं उठान कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

### जागरूकता व्याख्यान का आयोजन

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय के इको क्लब और कृषि विभाग, के संयुक्त तत्त्वावधान में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग से आए अधिकारियों धर्मवीर और मनजीत कौर ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फसल अवशेष के जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति छात्राओं और स्थानीय समुदाय को जागरूक करना था।

### नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कैंप लगाया

**अंबाला।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर (8) अंबाला 1 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कैंप लगाया गया।इसमें मुख्य अतिथि उपमंडलाधिकारी दर्शन कुमार थे। स्वास्थ्य विभाग से मनोवैज्ञानिक डॉक्टर खुशबू, मुकेश, अश्वनी शर्मा उपस्थित थे। प्रधानाचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी अंबाला वन सतबीर सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया। उपमंडल अधिकारी दर्शन कुमार ने बच्चों को नशे से दूर रहने, नशा न करने के प्रति जागरुक किया।

### समस्याओं का करें समाधान


**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिले में भी इस दिशा में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जोकि जिला स्तर पर उपायुक्त कार्यालय में और उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालयों में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहें हैं।

## आजाद सदस्य सुधीर जायसवाल ने दी थी चुनौती, छह वोट पर ही करना पड़ा संतोष

# नगर परिषद के उपाध्यक्ष बने भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद, मंत्री विज ने भी किया मतदान

- 26 सदस्यों ने ललता प्रसाद को दिया समर्थन विज बोले एकजुट होकर सभी सदस्य कैंट के विकास में निभाएं अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला। नपा की मीटिंग में वोट डालते मंत्री अनिल विज व उपाध्यक्ष ललता प्रसाद को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंबाला सदर नगर परिषद के सदन की पहली बैठक में भाजपा के सदस्य ललता प्रसाद वोटिंग से उपाध्यक्ष बन गए। कांग्रेस के नपा सदस्य सुधीर जायसवाल ने ललता प्रसाद को चुनौती दी थी। आजाद तौर पर सदस्य बने सुधीर जयसवाल ने सर्वसम्मति से ललता प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ऐतराज जताया था। तभी अधिकारियों ने सदन में वोटिंग का निर्णय लिया। विरोध की वजह से काफी देर तक सदन की मीटिंग भी ठप रही। लगभग एक घंटे उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की गई। चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में सभी 32 वार्ड के सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। 33 मतों की गिनती के अनुसार ललता प्रसाद को विजयी घोषित किया गया। उन्हें कुल 26 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी पार्षद सुधीर जयसवाल को छह वोट मिले। इस दौरान एक वोट को रद्द कर दिया गया।

### विज के आदेश पर बने उपाध्यक्ष

नपा सदस्य ललता प्रसाद को कुछ समय पहले ही परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष बनाए जाने के आदेश दिए थे। तब मीटिंग में भाजपा के तमाम निर्वाचित सदस्य मौजूद थे। उस समय सभी सदस्यों ने मंत्री के आदेशों पर सहमति जताई थी। सदन की मीटिंग में भी ऐसा ही हुआ। भाजपा के तमाम सदस्यों ने वोटिंग के दौरान ललता प्रसाद को ही अपना समर्थन दिया जबकि सुधीर जायसवाल को कुछ आजाद सदस्यों ने समर्थन दिया। पूर्ण बहुमत होने की वजह से ललता प्रसाद को जायसवाल चुनौती नहीं दे पाए।

### विज ने भी की वोटिंग

सदन की मीटिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। जीत के बाद उन्होंने नगर परिषद के नव-निर्वाचित उप-प्रधान ललता प्रसाद को फूल-मालाएं पहनाते हुए बधाई दी।

ललता प्रसाद के उपप्रधान बनते ही ही ढोल नगाडों के साथ अन्य सदस्यों ने भी उन्हें बधाई दी। बैठक में मंत्री अनिल विज के पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा उनका स्वागत किया गया। उपप्रधान पद के चुनाव के बाद नगर परिषद की विभिन्न कमेटियों का भी चुनाव हुआ जिसमें मंत्री अनिल विज ने अपने मत का प्रयोग किया।

मतदान में भाजपा के सदस्य सभी कमेटियों के सदस्य चुने गए। सभी को मंत्री ने शुभकामनाएं दी।

**इन कमेटियों के यह चुने गए सदस्य**

फाइनेंस एंड कांट्रेक्ट कमेटी में भाजपा सदस्य संजीव अत्री और निधी गर्ग सदस्य चुने गए। फाइनेंस सब कमेटी में भाजपा सदस्य रमन छतवाल, प्रमोद लक्की, शिवाजी व डॉ. शशि लोंगिया सदस्य चुने गए। पब्लिक वर्क एंड बिल्डिंग सब कमेटी में भाजपा सदस्य श्याम सुंदर अरोड़ा, महेशचंद, मोहित कौशिक और बलजिंद्र पाल सिंह सदस्य चुने गए। सेनिटेशन एंड वॉटर सप्लाई सब कमेटी में भाजपा सदस्य नरेश धवन, रेणू चौहान, रीना और गौरव सैनी को सदस्य बनाया गया।



अंबाला। पति संदीप सचदेवा के साथ पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनती मेयर शैलजा सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

## 22 दिन बाद भी मेयर को नहीं मिला ऑफिस पार्क में बैठकर सुन रही लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर के साथ निगम अधिकारी एसी ऑफिस में बैठकर कर रहे काम मेयर बोली पार्क ही मेरा ऑफिस

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा को 20 दिन बाद भी ऑफिस नहीं मिल पाया है। निगम परिसर में उन्हें बाहर पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुननी पड़ रही हैं। मजे की बात है कि डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर समेत निगम के सभी अधिकारी एसी ऑफिस में बैठकर काम कर रहे हैं। मेयर सैलजा सचदेवा लगातार नगर निगम में आयोजित मीटिंग व कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही हैं। उन्हें निगम पार्क में ही बैठकर ही जरुरी फाइलों पर साइन करने पड़ रहे हैं। हालांकि मेयर का खुद का कहना है कि पार्क ही उनका कार्यालय है। यहीं बैठकर वह जनता की सेवा करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय हो या न हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह अपना कार्य निरंतर कर रही हैं। आगे भी कार्य होगा उसे पूरा किया जाएगा। बता दें कि मेयर सैलजा सचदेवा ने 25 मार्च को पंचकूला में शपथ ग्रहण की थी। उस दौरान निगम प्रशासन ने सीनियर डिप्टी मेयर के कार्यालय में ही मेयर की कुर्सी लगा दी थी। मेयर शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीधा नगर निगम कार्यालय में पहुंची थी। निगम में सभी ब्रांच में अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलने के बाद वह अपने कार्यालय पहुंचने के बजाय निगम पार्क में स्वागत कार्यक्रम के बाद चली गई थी। इसके बाद मामला काफी गर्माया था। इसके कुछ दिनों बाद नगर निगम की ओर से सीनियर डिप्टी मेयर का कार्यालय नया बनाया गया था। बताया जा रहा है कि निगम अधिकारियों की ओर से मेयर को अधिकारिक तौर पर कार्यालय में नहीं बिठाया गया है। मेयर कार्यालय में सभी सुविधाओं को भी दुरुस्त नहीं किया गया है।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन डायरी का किया कड़ा विरोध, शिक्षा सदन पर जमकर किया प्रदर्शन

- स्कूल शिक्षा निदेशालय ने सभी शिक्षकों द्वारा अध्यापक डायरी प्रति दिन एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन भरने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ और हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने बुधवार को शिक्षा सदन अंबाला पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के साथ निदेशक स्कूल माध्यमिक शिक्षा हरियाणा और निदेशक स्कूल मौलिक शिक्षा हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यापक संघों के पदाधिकारियों का कहना कि ये विभाग का मनमाना निर्णय है और ये निर्णय सभी अध्यापकों को मानसिक तनाव की और ले जाएगा।शिक्षा विभाग को अपनी नीतियों को सरलीकरण ढंग से लागू कारण चाहिए ना कि इनको पेचीदा बनाना चाहिए।

अध्यापकों को ज्यादा से ज्यादा समय पढ़ाई के लिए उपलब्ध करवाना चाहिए न कि ऐसी नीतियां होनी चाहिए कि अध्यापक सारा दिन ऑनलाइन कामों में उलझे रहे। इस ऑनलाइन कामों को मोबाइल पर करने सहित, नेट की समस्या और काफी तकनीकी खामियां हैं। ऐसा लगता है कि शिक्षा निदेशालय हर काम को केवल अपने स्तर पर ही मॉनिटर करना चाहता है जबकि हर स्कूल में प्रधानाचार्य,मुख्यशिक्षक अध्यापकों के काम को मॉनिटर करने के लिए है।

शिक्षा विभाग को इन सब भरोसा रखना चाहिए। साथ ही शिक्षा विभाग को स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं पूरी करने के लिए मॉनिटरिंग करनी चाहिए और इन बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला अंबाला प्रधान सतनाम सिंह और जिला महासचिव मुकेश हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ के जिला अंबाला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पिंदर धारीवाल, नरेश सैनी, मनदीप सैनी, हरजिंदर सिंह, बलबीर सिंह, करणपाल, नसीम जावेद, गुरविंदर, रामेश्वर दास, धर्मेंद्र, तरविंदर सिंह, ब्रिज मोहन, परवीन कुमार, राकेश कुमार, भूपिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, राम कुमार सहित सैकड़ों अध्यापक मौजूद रहे।

## एचएसवीपी के ग्राउंड में गेहूं डालने का विरोध

- सेक्टरवासियों ने जताया आक्रोश
- लोग बोले गेहूं की वजह से धूल मिट्टी से हो रही परेशानी, बच्चे व बुजुर्ग हो रहे बीमार, लोग खुले में करते हैं शौच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। बाहर ग्राउंड में डाली गई फसल का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर-8 में एचएसवीपी की ओर से बनाए कांप्लेक्स के ग्राउंड में खुले में गेहूं गिराने पर सेक्टरवासियों ने विरोध कर दिया। विरोध होने पर मौके पर पुलिस और निगम सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। मामले को लेकर सेक्टरवासियों ने मार्केट कमेटी सचिव से भी मुलाकात की। यहां ग्राउंड में गेहूं न गिराने की मांग की। मौके पर पहुंचे सेक्टर-8 रेसीडेंट्स एसोसिएशन प्रधान विनोद बंसल और अन्य सदस्यों ने बताया कि गेहूं व धान के हर सीजन में मार्केट कमेटी के आढ़तियों की ओर से सेक्टर-8 में फसल गिराई जाती है।

इस वजह से सेक्टरवासियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां लोग खुले में शौच करते हैं। इस वजह से महिलाओं को घरों से बाहर निकलने में बहुत दिक्कत आती है। यहां पर लगी स्ट्रीट लाइट भी तोड़ दी जाती हैं। यही नहीं जब गेहूं को साफ करने के लिए झरना लगाते हैं तो उनके घरों में धूल जाती है। इससे बच्चों और बुजुर्गों को दिक्कत आती है और पार्क में सैर करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले वह उपायुक्त से मिले थे।

उपायुक्त ने लिखित में आश्वासन दिया था कि सेक्टर-8 में फसल को नहीं गिराई जाएगी। एसडीएम की ओर से भी फसल को सीधा सैलर में गिराने का आश्वासन दिया गया था। मगर प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद भी यहां आढ़तियों ने गेहूं गिरा दी। इसको लेकर लोगों ने विरोध किया। लोगों ने प्रशासन को यह भी कहा कि अगर यहां फसल गिरानी बंद नहीं की जाती तो प्रशासन उनकी कोठियां खरीद लें। वह कहीं दूसरी जगह चले जाएंगे। मौके पर पहुंचे निगम सदस्य हितेश जैन ने कहा कि यह समस्या काफी समय से आ रही है, जबकि मंडी में जगह है। लोग धूल और गंदगी से परेशान हैं। पहले सेक्टर-8 में एचएसवीपी का ग्राउंड होता था। यहां पर वाणिज्यिक प्लाट एचएसवीपी की ओर से काटे गए। सेक्टर-8 रेजिडेंट्स एसोसिएशन के प्रधान विनोद बंसल ने बताया कि अभी तक इस कांप्लेक्स को एचएसवीपी की ओर से विकसित नहीं किया गया है। न ही लोगों की बात मानी जा रही है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मार्केट कमेटी के सचिव अढ़ाई लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं मंडी में पहुंच चुका है। इस वजह से मंडी पूरी तरह से फुल हो गई है। ग्राउंड में गेहूं गिरा दी गई थी तो सेक्टरवासियों ने इसका विरोध किया था।



बराड़ा। शपथ लेते हुए कॉलेज स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

## बाल विवाह सामाजिक बुराई, बालिकाओं के समग्र विकास पर पड़ता है बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम सबको मिलकर इस कुरीति के विरुद्ध हरसंभव प्रयास करते रहना चाहिए ताकि हर बालिका को अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिल सके।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. एकता आनंद ने बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में एक नए प्रयास की जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही 'बाल विवाह मुक्त भारत' पोर्टल का अनावरण किया जाएगा। यह पोर्टल बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, इसकी रोकथाम करने और संबंधित घटनाओं की प्रभावी रिपोर्टिंग के लिए एक समर्पित डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. अमरजीत कौर, डॉ. पूजा रानी और डॉ. आशुतोष शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने बाल विवाह उन्मूलन की शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### जेवरात के साथ नाबालिग लापता

**जींद।** गांव रजानाखुर्द से सोने व चांदी के जेवरात नगदी समेत नाबालिग के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रजानाखुर्द निवासी एक महिला ने बताया कि गत 13 अप्रैल को उसका 17 वर्षीय बेटा घर से गायब हो गया।

## कारोबारी पर फायरिंग करने वाले बदमाशों का नहीं लगा सुराग

- जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगालने का किया दावा

**अंबाला।** अंबाला शहर के लक्ष्मी नगर में कारोबारी पर फायरिंग के मामले में पुलिस अभी तक बदमाशों को पकड़ नहीं पाई। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस लगातार सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का दावा कर रही है। दरअसल 11 अप्रैल की देर शाम सेक्टर 9 के लक्ष्मी नगर इलाके में शटरिंग कारोबारी पर दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। घायल अवस्था में नवनीत को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जहां अगले दिन ऑपरेशन के बाद उसके पैर में फंसी गोली निकाल दी थी। पुलिस अभी तक गोली चलाने वालों की पहचान नहीं कर पाई है। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह के अनुसार हमलावर बिना नंबर प्लेट की बाइक से गोली चलने पहुंचे थे। साथ ही साथ उन्होंने सफेद गमछे से अपने मुंह को भी ढक रखा था। जिस वजह से अभी तक उनकी पहचान करने में सफलता हाथ नहीं लग रही है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 100 से अधिक सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक लक्ष्मी नगर से लेकर वाटिका तक के सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। लेकिन आरोपियों की पहचान नहीं हुई।

### दो किसानों के खेतों से दो बिजली मोटर चोरी

**जींद।** गांव मोहलखेड़ा में खेतों से बीती रात चोरों ने दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोहलखेड़ा निवाी सत्ता तथा चरण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उनके खेतों से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीआरएसयू के छात्र वित्तीय हानि से परेशान

**जींद।** सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने विश्वविद्यालय और सभी डिग्री कॉलेज के छात्रों को 2.5 साल से डीएमसी ने मिलने पर वित्तीय हानि से छात्र त्रस्त हैं। क्योंकि साइंस विभाग के विद्यार्थियों को पॉज स्कॉलरशिप मिलती है। इसमें छात्रों को डीएमसी पोर्टल पर सबमिट करनी होती है। जिसके बाद सरकार की तरफ 24 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर मिलते हैं।

## जैन समाज ने की हमलावरों के कृत्य की आलोचना

# मध्यप्रदेश में तीन जैन संतों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस नेता एडवोकेट रोहित जैन।

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन बोले मानवीयता के लिए कठोर तप करने वाले संतों को अराजक तत्वों ने बनाया निशाना, हमलावरों के खिलाफ पुलिस करे गहन जांच

मध्यप्रदेश में तीन जैन संतों पर हुए हमले की प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अराजक तत्व अब संतों को भी निशाना बना रहे हैं। इस मामले में जैन ने मध्यप्रदेश सरकार से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि भविष्य में कोई भी अराजक तत्व ऐसे किसी भी समाज के संत के साथ ज्यादती न कर सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि रविवार को मध्यप्रदेश के नीमच जिले के काछला गांव में कुछ अराजक तत्वों ने जैन समाज के संत शैलेष मुनि, मुनिंद्र मुनि व बलभद्र मुनि पर शराब के नशे में हमला किया था। हमले में तीनों जैन संत बुरी तरह जख्मी हो गए थे।

मुश्किल से तीनों संतों की जान बची। हमलावरों ने संतों के सिर, पीठ व हाथों पर घातक हमला किया। इसी वजह से एक संत की उंगली भी टूट गई। एडवोकेट रोहित जैन ने बताया कि बदमाशों के हमले में जख्मी हुए तीनों संतों का ताल्लुक ज्ञानगच्छ समुदाय से है। इस समुदाय के संत मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते, माइक पर बोलने से सख्त परहेज करते हैं, किसी के साथ अपनी फोटो नहीं खिंचवाते न ही रात में किसी को अपने शरीर को हाथ लगाने देते हैं। जैन ने बताया कि इसी वजह से तीनों संतों ने जख्मी होने के बावजूद अपना उपचार करवाने से मना कर दिया।

न ही किसी को अपने शरीर को हाथ लगाने दिया। उपचार के लिए भी दो संत जख्मी होने के बावजूद छह किलोमीटर पैदल चले जबकि बुरी तरह जख्मी संत मुनिंद्र मुनि को ठेलागाड़ी पर ले जाया गया। सोमवार सुबह होने पर तीनों संतों का चिकित्सकों ने उपचार किया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि नशाखोरी की प्रवृति के कारण युवा अपने रास्ते से भटक गए हैं। इसी वजह से शराब के नशे में संतों को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि जैन समाज के संत हमेशा मानवीयता से प्रेम करते हैं। वे मानव का भला करने के लिए अपना सब कुछ त्यागकर कठोर जीवन जीते हैं। इसके बावजूद ऐसे संतों को निशाना बनाया जाना बेहद दुखदायी है। एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि पूरा जैन समाज इस घटना की निंदा करता है। बेशक पुलिस ने सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन उनकी इस हरकत की गहन जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके कि किन हालात में संतों पर हमला किया गया है।